# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–04 दिसम्बर 2024 — सान्ध्य समाचार

अनाज के न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानून बनाने की मांग को लेकर विपक्ष ने आज राज्यसभा से वॉकआउट किया। आज सुबह जब सदन की बैठक शुरू हुई, तो सभापति जगदीप धनखड़ ने न्यूनतम समर्थन मूल्य, चक्रवात फेंजल, संभल हिंसा और एक प्रमुख व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वत के आरोपों के मुद्दें पर विपक्षी सदस्यों द्वारा दिए गए स्थगन नोटिस को खारिज कर दिया। सभापति ने आश्चर्य व्यक्त किया कि किसानों के मुद्दें पर पिछले सप्ताह कोई स्थगन नोटिस क्यों नहीं दिया गया और सदन का समय व्यवधान में बर्बाद किया गया। कुछ विपक्षी सदस्यों ने श्री धनखड़ की टिप्पणी पर आपत्ति जताई।

**********

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज पीएसएलवी– सी–उन्सठ से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा–तीन उपग्रह का प्रक्षेपण यान में त्रुटि के कारण आज स्थगित कर दिया। इस उपग्रह को अब कल शाम चार बज कर बारह मिनट पर प्रक्षेपित किया जाएगा। यह उपग्रह सटीक सूचना हासिल करेगा जो विज्ञान और अनुप्रयोगों तथा बड़े पैमाने पर भविष्य के मिशनों के लिए एक नए युग की शुरुआत करेगा।

**********

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का बानबेवां संस्थापक सप्ताह समारोह आज से गोरखपुर जिले में शुरू हो गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने बतौर मुख्य अतिथि  उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। इस मौके पर महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद से जुड़ीं विभिन्न संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा शहर के मुख्य मार्गों पर शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में गोरखनाथ मंदिर में स्थापित अखंड ज्योति भी शामिल हुई।

इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री तोमर ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद शिक्षा के क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए जो काम कर रहा है, वह प्रेरणादायी है। गोरक्षपीठ भक्तियोग के साथ साथ कर्मयोग में भी लीन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि जब देश अपनी आजादी का शताब्दी समारोह मना रहा होगा तब विकसित भारत की परिकल्पना महत्वपूर्ण होगी। इसमें सभी संस्थानों को अपना योगदान देना होगा। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**********

ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ षष्ठम अखिल भारतीय प्राइज मनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता दो हजार चौबीस के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने आंध्र प्रदेश की टीम को बावन के मुकाबले चौवन अंकों से पराजित कर दिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों टीम को बधाई दी और कहा कि भविष्य में ग्रामीण स्तर पर भी यह प्रतियोगिता कराई जाएगी। विधानसभा क्षेत्रों में भी हर विधायक अपने स्तर से यह प्रतियोगिता कराएंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी मौजूद रहे।

**********

कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी को आज प्रदेश की पुलिस ने संभल जाने से रोक दिया। गाजियाबाद जिले की पुलिस ने उन्हें बार्डर पर ही बैरिकेटिंग कर प्रदेश में घुसने से मना कर दिया और वापस दिल्ली रवाना कर दिया। श्री गांधी कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और कई वरिष्ठ सहयोगियों के साथ संभल हिंसा के पीड़ित परिवारों से मिलने जा रहे थे। चौबीस नवम्बर को वहां हुई आगजनी और हिंसा के बाद से ही संभल में दस दिसम्बर तक बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज से विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम शुरू हुआ। इसके तहत अगले साल तीन जनवरी तक नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को नियमित टीकाकरण सत्र स्थलों पर विटामिन ए की दवा पिलाई जाएगी। कौशांबी जिले में वहां के  जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और उनकी पत्नी  दीपिका ने  बंबुरा के  प्राथमिक विद्यालय से अभियान की शुरूआत की। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने बच्चों को विटामिन–ए की विशेष खुराक जरूर पिलायें। इस दवा से रतौंधी, कुपोषण और अंधेपन समेत कई बीमारियों से बचाव होता है। यह दवा बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है।

**********

देश में आज नौसेना दिवस मनाया जा रहा है है। भारतीय नौसेना की भूमिका और उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रत्येक वर्ष चार दिसम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष उन्नीस सौ इकहत्तर में आज ही के दिन ऑपरेशन ट्राइडेंट के दौरान भारतीय नौसेना ने पीएनएस खैबर सहित पाकिस्तान के चार पोत डुबो दिये थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर शुभकामनाएं दी हैं।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने इस सप्ताह भी मौसम के शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार इस हफ्ते सुबह के समय प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की धुंध और कुछ स्थानों पर हल्के कोहरे की संभावना है। अगले दो दिनों तक बीस से तीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से प्रदेश में तेज हवाएं भी चल सकती हैं। आगामी चौबीस घंटे के भीतर तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा, हांलाकि इसके बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरावट की संभावना जताई गई है।

**********